अनुक्रमांक / Roll No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें ।

Candidate should write his/her Roll No. here.

कुल प्रश्नों की संख्या : **3**

Total No. of Questions : **3**

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : **15**

No. of Printed Pages : **15**

# M-2016-IV

## सामान्य अध्ययन

## GENERAL STUDIES

### चतुर्थ प्रश्न-पत्र

### Fourth Paper

समय : **3** घंटे ]

Time : **3** Hours ]

[ पूर्णांक : **200**

[ Total Marks : **200**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

***Instructions to the candidates :***

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल **03** प्रश्न हैं तथा **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

   This Question Paper consists of **three** questions and **all** questions are compulsory.

2. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।

   Marks for each question have been indicated on the right hand margin.

3. प्रश्न क्रमांक **1** में कोई आंतरिक विकल्प नहीं है । शेष प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है ।

   There is no internal choice in Question No. **01**, remaining questions carry internal choice.

4. प्रथम प्रश्न लघु-उत्तरीय है, जिसमें **15** अनिवार्य प्रश्न हैं । प्रत्येक का उत्तर **एक** अथवा **दो** पंक्तियों में देना है । प्रश्न क्रमांक **02** में शब्द सीमा **150** है ।

   The first question is of short-answer type consisting of **15** compulsory questions. Each one is to be answered in **one** or **two** lines. For Question No. **02** word limit is **150** words.

5. जहाँ शब्द सीमा दी गई है उसका पालन करें ।

   Wherever word limit has been given, it must be adhered to.

6. प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें । एक प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से क्रमानुसार लिखें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर ना लिखें ।

   Question should be answered exactly in the order in which they appear in the question paper. Answer to the various parts of the same question should be written together compulsorily and no answer of the other question should be inserted between them.

7. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की तथ्यात्मक तथा मुद्रण त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।

   In case there is any error of factual nature or printing, then out of the Hindi and English version of the question, the English version will be treated as standard.



https://www.evidyarthi.in/

1. निम्नलिखित प्रत्येक लघु-उत्तरीय प्रश्न का उत्तर **एक** या **दो** पंक्तियों में दीजिए : **15 × 3 = 45**

Give answer of the following questions in **one** or **two** lines :

(A) लोक सेवा में आचार संहिता की भूमिका का निरूपण कीजिए ।

Illustrate the role of Code of Conduct in Civil Services.

(B) आचरण एवं अनुशासन को परिभाषित कीजिए ।

Define conduct and discipline.

(C) अभिप्रेरणा का अर्थ समझाइए ।

Explain the meaning of motivation.

(D) 'सिटीज़न चार्टर' से क्या तात्पर्य है ?

What do you mean by 'citizen charter' ?

(E) लोक प्रशासन में नैतिक दुविधा को समझाइए ।

Explain moral dilemma in Public Administration.

(F) ब्रह्म-समाज के संस्थापक कौन थे ?

Who was the founder of Brahmo-Samaj ?

(G) महावीर स्वामी के अनुसार त्रिरत्न क्या हैं ?

What are 'Triratnas' according to Mahavir Swami ?

(H) 'गीतांजली' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

Who is the writer of the book 'Gitanjali' ?

(I) अरस्तू के द्वारा दिए गये चार कार्डिनल गुणों के नाम बताइए ।

Name the four cardinal virtues given by Aristotle.

(J) लोक प्रशासन में सत्यनिष्ठा का महत्त्व बताइये ।

Write the importance of integrity in Public Administration.



https://www.evidyarthi.in/

(K) लोक प्रशासन में 'सांवेगिक बुद्धि' की धारणा को स्पष्ट कीजिए ।

Explain the concept of 'Emotional Intelligence' in Public Administration.

(L) सिक्ख धर्म के संस्थापक कौन थे ?

Who was the founder of Sikhism ?

(M) 'समानुभूति' से क्या तात्पर्य है ?

What is the purport of 'empathy' ?

(N) तुलसीदास जी की तीन प्रसिद्ध रचनाओं के नाम लिखिए ।

Write the name of three famous poetic works of Tulsidas.

(O) भ्रष्टाचार निवारण में समाज की क्या भूमिका हो सकती है ?

What is the role of society in elimination of corruption ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **पन्द्रह** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक उत्तर लगभग **150** शब्दों की सीमा में हो : **15 × 6 = 90**

Write the answer of any **fifteen** questions from the following questions. Each answer should be limited upto **150** words.

(A) लोक प्रशासन के नैतिक आधारों की चर्चा कीजिए ।

Discuss the ethical bases of Public Administration.

(B) मूल्य विमर्श के विविध आयामों पर प्रकाश डालिये ।

Throw light on various dimensions of ethical reasoning.

(C) लोकतंत्र में गाँधीजी के विकेन्द्रीकरण के सिद्धांत को समझाइए ।

Explain Mahatma Gandhi's conception of decentralization in democracy.

(D) लोकतांत्रिक व्यवस्था में अन्तःप्रेरणा किस प्रकार नौकरशाहों के लिए नैतिक मार्गदर्शन का एक स्रोत है ? आलोचनात्मक वर्णन कीजिए ।

Critically analyse how conscience can act as a source of ethical guidance for bureaucrats in a democratic set-up.



https://www.evidyarthi.in/

(E) लोक सेवा तटस्थता एक परिकल्पना (फिक्शन) है । कोई सोचने वाला व्यक्ति कैसे तटस्थ हो सकता है ? टिप्पणी कीजिए ।

Civil service neutrality is a fiction. How can any rational person be neutral ? Comment.

(F) डॉ. राम मनोहर लोहिया के सामाजिक-आर्थिक चिन्तन पर टिप्पणी कीजिए ।

Write comments on the socio-economic thoughts of Dr. Ram Manohar Lohia.

(G) "लोक प्रशासन का क्षेत्र व्यापार का क्षेत्र है ।" (वुड्रो विल्सन) टिप्पणी कीजिए ।

"The field of Public Administration is a field of business." (Woodrow Wilson) Comment.

(H) "एक ही संगठन के विभिन्न उपभागों में मनुष्य के अभिप्रेरण भिन्न हो जाते हैं ।" (एडगर शेन) चर्चा कीजिए ।

"Man's motives – in different subparts of the same organization may be different." (Edgar Schein) Discuss.

(I) कौटिल्य एक आदर्शवादी होने की अपेक्षा एक राजनैतिक यथार्थवादी थे । टिप्पणी कीजिए।

Kautilya was political realist rather than an idealist. Comment.

(J) भ्रष्टाचार को कम करने में सामाजिक मीडिया और इन्टरनेट की भूमिका बताइए ।

Discuss the role of social media and internet in minimizing corruption.

(K) बौद्ध चिन्तन में प्रतीत्य-समुत्पाद क्या है ? समझाइए ।

What is Pratityasamutpada in Buddhist thought ? Explain it.

(L) भ्रष्टाचार के प्रकारों की विवेचना कीजिए ।

Discuss the types of corruption.

(M) पूर्वाग्रह एवं रूढ़िवादिता के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए ।

Explain difference between prejudice and stereotypes.



https://www.evidyarthi.in/

(N) भारतीय समाज के उत्थान में स्वामी दयानंद सरस्वती के योगदान का वर्णन कीजिए ।

Describe Swami Dayanand Saraswati's contribution to upliftment of Indian society.

(O) श्री अरविन्द के समग्र योग की अवधारणा बताइए ।

Explain Sri Aurobindo's concept of integral yoga.

(P) डॉ. राधाकृष्णन् के दर्शन पर चर्चा कीजिए ।

Discuss philosophy of Dr. Radhakrishnan.

(Q) भ्रष्टाचार पर राष्ट्रसंघ की घोषणा को स्पष्ट कीजिए ।

Explain UN convention on corruption.

(R) शासन एवं प्रशासन में 'सांवेगिक बुद्धि' की उपयोगिता का परीक्षण करें ।

Examine the utilities of 'Emotional Intelligence' in Administrations and Governance.

3. पाठ्यक्रम में सम्मिलित विषयवस्तु पर आधारित प्रकरण :

Case Studies based on the contents of syllabus :

(A) प्रथम प्रकरण :

$3 \times 10 = 30$

विषय : काले धन का संचय – कारण और निवारण

काले धन का संचय हमारी अर्थव्यवस्था के लिए एक गंभीर खतरा बन गया है । इसके साथ ही यह इस देश की उत्तरजीविता के लिए भी अत्यन्त खतरनाक है । सामाजिक और नैतिक मूल्यों में गिरावट भ्रष्टाचार की जननी है, स्रोत है । काले धन की अर्थव्यवस्था की उत्पति, उसका अस्तित्व तथा इसके बढ़ते हुए रूप आदि सहित कई कारण जिम्मेदार हैं । धन तथा शक्ति के आपस में मिलने से इसकी उत्पत्ति होती है । काले धन के द्वारा किसी को भी खरीद लेना, अत्यन्त आवश्यक वस्तुओं को छिपाकर इकट्ठा कर लेना । स्वस्थ प्रतियोगिता /प्रतिस्पर्धा को गायब कर देना । ईमानदार व्यक्तियों और जनता के सेवकों को धमका देना आदि कार्य काले धन के द्वारा किये जाते हैं ।



https://www.evidyarthi.in/

(A) First Case Study :

Sub : Accumulation of Black Money → Causes and Remedies

Accumulation of Black Money posed a grave threat to our economy and is likely to threaten the very security and survival of the country. It is the source and at the same times cause of graft, corruption and the debarring of social and moral values. There are various factors responsible for the origin, existence and flourishing state of the parallel economy of Black money. It originates with the combination of money and power. With black money any one can be bought or bribed, essential commodities can be cored and horded, healthy competition can be driven out and honest men and public servants can be blackmailed.

उपर्युक्त प्रकरण के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

Answer the following questions in the light of above-mentioned topic :

(a) विकासशील देशों में काले धन उत्पन्न करने के कौन-कौन से स्रोत हैं ?

What are the sources of black money generation in developing countries ?

(b) काले धन की समानान्तर अर्थव्यवस्था की उत्पत्ति और फैलाव को रोकने के लिए कौन से उपाय सुझाए जा सकते हैं ?

What measures can be suggested for curbing the generation and spread of parallel economy of black money ?

(c) काला धन किस प्रकार महँगाई को बढ़ाने में भूमिका निभाता है ? चर्चा कीजिए ।

How black money take part in galloping inflation ? Discuss.

(B) प्रकरण द्वितीय : 5 × 7 = 35

विषय : व्यावसायिक नैतिकता एवं मूल्यों में संघर्ष

एक पुरानी कर्मचारी जिसको उसके बुरे गुणात्मक काम, अनुपस्थिति और शराब पीने की वजह से होने वाली देरी के कारण नौकरी से निकाल दिया गया था, ने आपको सूचित किया कि उसने अन्य किसी कंपनी में एक पद के लिए आवेदन किया है, और पहले से ही आपका नाम संदर्भ रूप में दिया है । उसे काम की अत्यधिक आवश्यकता है । (वह तीन बच्चों की अकेली अभिभावक है ) वह आपसे अच्छी सिफारिश के लिए कहती है, और उसके शराब पीने की समस्या को इसमें सम्मिलित ना किया जाये, जिसे उसने आश्वस्त किया है, कि उसने इस पर अब नियन्त्रण पा लिया है ।



https://www.evidyarthi.in/

उसने आपसे यह भी कहने को कहा है, कि उसके पारिवारिक चिकित्सा संकट की वजह से कम्पनी को स्वेच्छा से छोड़ा है, और कम्पनी उसके काम से बहुत खुश थी । आप उस व्यक्ति को पसंद करते हैं और विश्वास है, कि वह एक अच्छी कर्मचारी है, अगर वह शराब नहीं पीती है । आपको शक है, कि वास्तव में उसने अपनी शराब पीने की समस्या से निजात पा ली है, और इसी वजह से आप अपनी कम्पनी को उसे वापस काम पर लेने की सिफ़ारिश नहीं करेंगे ।

(B) Second Case Study :

Sub : Professional Ethics and Conflict in Values.

A former employee who was fired due to poor quality work, absences and lateness related to her drinking problem inform you that she has applied for a position at other company and has already given your name as a reference. She desperately needs a job (she is a single parent with three children) and she asks you to give mention her drinking, with she assures you is now under control.

She also asks you to say that she voluntarily left the company to address a family medical crisis, and that the company was pleased with her work. You like this person and believe she is a good worker, when she is not drinking. You, don't that she really has overcome her drinking problem, however and you would not recommend your own company to their her back.

उक्त प्रकरण के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

Answer the following questions in the light of above mentioned topic :

(a) आप उस महिला को क्या कहेंगे ?

What do you say to this woman ?

(b) आप उस नियोक्ता को क्या कहेंगे, जो आपके संदर्भ के लिए आपको कॉल करेगा ?

What do you say to an employer who calls you for a reference ?



https://www.evidyarthi.in/

(c) मान लीजिए आपका नाम भावी नियोक्ता को प्रस्तावित करने के पहले उसने आपसे संदर्भ के लिए पूछा हो ?

Suppose she had asked you to be a reference prior to supplying your name to her prospective employer ?

(d) कौन से मूल्य दाँव पर लगे हैं ?

What values are at stake ?

(e) क्या कुछ मूल्य एक दूसरे से संघर्षरत है ?

Do some of the values conflict with one another ?